हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून, 2025

14 समाज को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा...




14 मुआवजा राशि मंजूर होने के उपरांत भी नहीं मिला मुआवजा...



### शहर के मुख्य बाजार, सड़कें और कालोनियां हुई जलमग्न

# मानसून की पहली झमाझम बरसात, एक घंटे में 76 एमएम बरसे पानी ने तोड़े सारे रिकार्ड

## धान उत्पादक किसानों के चेहरे खिले

**हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद**

लंबे इंतजार के बाद वीरवार को मानसून ने दस्तक दी तो फतेहाबाद में जमकर बरसे बादल। करीब एक घंटे तक झमाझम हुई बारिश से शहर की सड़कें, मुख्य बाजार व कालोनियां बरसाती पानी में डूब गई। शहर के मुख्य बाजार जवाहर चौक व नेशनल हाइवे पर हालात देखने लायक थे। यहां पर दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन तक नहीं चल पाए। राजस्व विभाग के अनुसार एक घंटे में करीब 76 एमएम बरसात हुई है। सीजन की पहली बरसात से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई। किसान खेतों में धान की फसल में पानी भरता देख प्रसन्नचित दिखाई दिए। बरसात ने पिछले दो महीनों से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को राहत देने का काम किया है। वीरवार को मौसम दिनभर सुहावना रहा और तापमान में 5 से 7 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। फतेहाबाद के अलावा कुलां में 26 एमएम, जाखल में 28 एमएम और भूना में 6 एमएम बरसात हुई। फतेहाबाद में वीरवार को मौसम ने अचानक से करवट ली। इससे क्षेत्र में जमकर बदरा बरसे। पिछले कई दिनों से पड़ रहीं प्रचंड गर्मी से बेहाल लोग बेसब्री से बरसात का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में वीरवार को क्षेत्र में हुई बारिश ने जहां आमजन को भीषण गर्मी से खासी राहत पहुंचाई हैं। बुधवार से ही आसमान में बादल छाये हुए थे। वीरवार दोपहर को एकाएक मौसम ने करवट ली और दोपहर करीब डेढ बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई।



फतेहाबाद। बरसात के बाद जलमग्न हुई शहर की सड़कें। फोटो: हरिभूमि







### जिले में हुई बरसात

| | |
|---|---|
| फतेहाबाद | 76 एमएम |
| जाखल | 28 एमएम |
| कुलां | 26 एमएम |
| भूना | 6 एमएम |

### मोटरों से कुछ ही घंटों में ही निकाला पानी

बरसात शुरू होते ही जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तुलसीदास चौक पर लगाई गई मोटरों को चालू कर दिया गया। यहां से बड़ी मोटरों द्वारा पानी को अंडरग्राऊंड डाली गई पाइपों के माध्यम से चिल्ली क्षेत्र में बनाए गए एसटीपी में डाला गया। जहां से यह पानी 13 किलोमीटर दूर पाइप लाइन से रंगोई में निकाला गया। जिस कारण कुछ ही घंटों में सडक़ों से पानी पूरी तरह निकल गया और यातायात बहाल हुआ। इससे पूर्व यहां 76 एमएम बरसात होने पर दो दिन तक पानी खड़ा रहता था। बता दें कि इससे पूर्व तुलसीदास चौक पर जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी निकासी को लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा रखा है।

### धान की फसल के लिए संजीवनी साबित हुई बरसात

यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए संजीवनी साबित हुई है। बरसात होने से अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इससे किसानों की खुशी स्वभाविक भी है, क्योंकि धान की फसल को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए इन दिनों में बारिश होने की भी अत्यंत जरूरत होती है। इस बारिश से धान की फसल को फायदा पहुंचा है। अभी तक वर्षा के अभाव में किसानों को इन दिनों अपनी धान की फसल के लिए पानी की समस्या हो रही थी। ऐसे में इस बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है। इस बरसात से किसानों की खेतों में अन्य फसलों को भी फायदा पहुंचेगा। किसान कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र, नछतर, सतबीर आदि की मानें तो इन दिनों उन्हें खेतों में अपेक्षाकृत कम बिजली मिल पा रही थी। ऐसे में इस बारिश से धान उत्पादक किसानों को सिंचाई से फिलहाल मुक्ति मिली है।

### मुख्य सड़कों पर भरा 4-4 फुट पानी

राहत के साथ ही यह बारिश शहरवासियों के लिए आफत भी लेकर आई। इस बारिश ने पानी निकासी के दावों की पोल खोल दी है। मानसून की पहली बारिश से ही शहर की सडक़ें जलमग्न हो गई। यहां तक कि शहर के निचले इलाकों में रह रहे लोगो के घरों में बरसाती पानी घुसने से 4-4 फुट तक पानी जमा हो गया। बरसात के कारण शहर के जवाहर चौक, थाना रोड, धर्मशाला रोड, बाल भवन के बाहर, नेशनल हाइवे, भट्टू रोड, बीघड़ रोड, सिरसा रोड, सरकारी अस्पताल के बाहर, तुलसीदास चौक, ग्रीन पार्क सहित अनेक कालोनियों में कई-कई फुट तक पानी भर गया। कई जगह बरसात का पानी घरों में में भी जा घुसा। हालांकि आज बरसात के बावजूद शहर के अधिकतर इलाकों में बिजली व्यवस्था बहाल रही जिस कारण लोगों को राहत मिली।

### क्या कहते हैं कृषि अधिकारी

*कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग का कहना है कि इस बरसात से धान की फसल को फायदा हुआ है। इन दिनों जितनी बरसात हो, किसानों के लिए उतनी ज्यादा लाभदायक हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी जगह धान फसल में पता लपेट जैसी बीमारी का कोई प्रकोप भी हैं तो इस बारिश से वह भी दूर हो जाएगा। इस बरसात की धान की फसल को अधिक आवश्यकता थी जोकि राहत की बात है।*



सिरसा। शिव चौक व जनता भवन रोड पर जमा हुआ बरसाती पानी।

# सिरसा में 86 एमएम बारिश से शहर हुआ पानी-पानी

- मानसून की पहली बरसात, स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन की खुदाई बनी परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा**

जिला में वीरवार को मानसून की पहली बरसात हुई। करीब दो घंटे तक लगातार हुई बरसात ने रिकार्ड तोड़ दिया और पूरा शहर जलमग्र हो गया। सिरसा में 86 एमएम बरसात रिकार्ड की गई है। लोगों को उमस व गर्मी से निजात मिली तो शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के जनता भवन रोड, शिव चौक पर कई दुकानों में पानी भर गया। बारिश के डर से दुकानदारों को अपना काम काज छोड़कर दुकाने बंद करने को मजबूर होना पड़ा। आलम यह था कि सड़कों, गलियों में जगह-जगह स्कूटर, बाइक, कारें जलभराव के कारण बीच रास्तों पर रूक गई। इसी प्रकार बस स्टैंड के आसपास क्षेत्र में भी पानी जमा हो गया। सबसे बुरी हालात जगह-जगह खोदी गई गलियों व बाजारों में देखने को मिली। बरसात के बीच बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही। नगर परिषद द्वारा शहर में स्ट्रॉर्म वाटर पाइप लाइन खुदाई का काम चल रहा है जिस कारण इन क्षेत्रों में स्थिति और बिगड़ गई। पहली बारिश ने नगरपरिषद के वैकल्पिक व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी। जलभराव को नियंत्रित करने की व्यवस्था चरमरा गई। गहरी सीवर लाइन की खुदाई वाले क्षेत्र में पानी भरने के कारण शिव चौक, जगदेव सिंह चौक के आसपास के दुकानदारों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है। दुकान के आसपास खड़े वाहनों को पानी से निकालने में मुश्किलें पेश आई। अधिकारियों ने दावा किया था कि एक माह के अंदर-अंदर जनता भवन रोड की मुख्य लाइन को डिस्पोजल से जोड़ दिया जाएगा। इस कनेक्शन के जुड़ते ही कई मुख्य सडक़ों के पानी की निकासी आसानी हो जाएगा।

### धान रोपाई को मिलेगा फायदा

*मानसूनी बारिश से नरमा-कपास की फसल को फायदा मिलेगा। इसी के साथ किसान धान की रोपाई करने में लगे हुए हैं। बारिश होने से किसानों को सिचाई पानी की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। खासकर धान की फसल में किसानों को बार बार सिचाई करनी पड़ती है।*

# भूना नपा ने की दो दुकानें सील

**हरिभूमि न्यूज ⏭भूना**

- हडबड़ाए दुकानदारों ने कुछ घंटों में भरा 4 लाख किराया

नगर पालिका भूना ने गुरुवार को बड़ा अभियान चलाया। शहर के उकलाना रोड पर अतिक्रमण हटाया गया वहीं सड़क पर रखे सामान को भी जब्त किया गया। इस दौरान नगरपालिका की टीम ने दो दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर लंबे समय से किराया बकाया था। कार्रवाई के कुछ घंटे बाद ही दुकानदारों ने करीब चार लाख रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद दुकानें दोबारा खोल दी गई। नगरपालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इन दुकानों को पहले कई बार नोटिस दिए गए थे। बार-बार अनदेखी के बाद यह सख्त कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि अब अतिक्रमण या किराया बकाया पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अभियान में सचिव दीपक कुमार के साथ पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार, लिपिक कृष्ण कुमार छिंपा, भूप सिंह और सफाई दरोगा सोनू वर्मा शामिल रहे। टीम ने दुकानों के बाहर फैले सामान को हटाया। इसके बाद कई दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।



भूना। नगर पालिका के अधिकारी किराया बकाया होने के कारण दुकान सील करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## बेसहारा पशुओं से आमजन परेशान

**टोहाना।** शहर के वार्ड 5 में बेसहारा पशुओं की समस्या आमजन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है जिसके चलते वार्ड के लोगों ने शिकायत नगर परिषद व एसडीएम टोहाना को शिकायत दी लेकिन कोई सुनवाई न होने पर सीएम नायब सैनी के नाम पत्र लिखा है। सीएम के नाम लिखे पत्र में राजेश कुमार ने लिखा कि वह वार्ड 5 में जेके साबुन वाली गली में रहता है। 24 मई को दोपहर को वह अपने घर के बाहर बेंच पर बैठा हुआ था। इसी दौरान दो आवारा सांड लड़ते हुए आये तो उसने मौका से भाग कर अपनी जान बचाई। इन सांडों ने पास के खाटू श्याम बाबा के मन्दिर का शीशा तोड़ दिया, जिससे मन्दिर की सम्पत्ति को काफी नुकसान हुआ है और उसके पैर पर भी चोटें भी आई। राजेश ने कहा कि आवारा पशु गली में यूं ही घूमते रहते है जिससे वहां से आने-जाने वाले गली वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद-भट्टू रोड पर गांव ढिंगसरा के समीप एक तेजगति कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार सडक़ पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव ढिंगसरा निवासी शशि कपूर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने गुरूवार को मृतक के लडक़े कपिल कुमार की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने दिया धरना, आश्वासन के बाद माने

**हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना**

नगर परिषद में डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए काम करने वाले टिप्पर चालक व अन्य कर्मियों को वेतन न मिलने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर धरना शुरू किया लेकिन नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल व सुपरवाइजर ने जल्द समस्या का हल करवाने का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म करवाया। कर्मचारी हिमांशु ने बताया कि वे लगभग 29 कर्मचारी नगर परिषद में टिप्पर चलाने व कूडा कर्कट उठाने का कार्य करते है। सुबह से ही कार्य करना शुरू कर देते है लेकिन ठेकेदार द्वारा पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



टोहाना। धरना देते हुए नगर परिषद के सफाई कर्मचारी।

### 450 युवाओं को नशे से दूर कर किया पुनर्वासित

# दो माह में 165 नशा तस्कर गिरफ्तार

- नशा मुक्त पखवाड़ा के अंतर्गत पुलिस की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्त पखवाड़ा के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस द्वारा निरंतर सघन कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान केवल नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नशे की चपेट में आए युवाओं को इस विनाशकारी दलदल से बाहर निकाल कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडऩा भी है। पिछले दो माह के दौरान, फतेहाबाद पुलिस ने 450 युवाओं को नशे से मुक्त कर पुनर्वासित किया व 130 केस दर्ज कर 165 नशा तस्करों को गिरफ्तार कि है। जिससे जिले में सक्रिय नशा तस्करी के नेटवर्क को गंभीर क्षति पहुंचाई गई।



एसपी सिद्धांत जैन।

### पिछले दो महीनों में की गई कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो माह के दौरान पुलिस ने 5 किलोग्राम अफीम, 1500 किलोग्राम चूरा पोस्त, 576 ग्राम हेरोइन, 19.01 किलोग्राम गांजा, 18 किलोग्राम सुल्फा, 4085 प्रतिबंधित टैबलेट्स, 21 बोतल प्रतिबंधित सिरप, 150 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही में 2 अवैध शराब की चलती भट्टियां, 3 हजार लीटर लाहन, 3050 बोतल बीयर, 4510 बोतल अंग्रेजी शराब, 1010 बोतल अवैध हथकड़ शराब तथा 646 बोतल अवैध देशी ठेका शराब बरामद की है। एसपी ने बताया कि यह अभियान भविष्य में और अधिक सख्ती व प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना ही नहीं, बल्कि जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाना है। एसपी सिद्धांत जैन ने आम नागरिकों से अपील की कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे केवल पुलिस बल नहीं, बल्कि समाज के हर जागरूक नागरिक के सहयोग से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। यदि आपके आसपास कोई नशा तस्करी में लिप्त व्यक्ति है या कोई युवा नशे की चपेट में है, तो इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या पुलिस कन्ट्रोल रुम नंबर 88140-11741 पर दें। ऐसे युवाओं को समझदारी और संवेदनशीलता के साथ सही राह दिखाएं।

TATA की पेशकश

आपका पुराना सोना, अब और भी कीमती!



TANISHQ

फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज
स्मार्ट चुनाव कीजिए

एक्सचेंज पर 2 कैरेट* तक अतिरिक्त लाभ पाएं और चुनें शानदार नए डिजाइन्स

ऑफर सिर्फ़ अन्य ज्वेलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर वैध

एक्सचेंज के ज़रिए सोने की ज्वेलरी की खरीद पर पाइए 1 कैरेट एक्स्ट्रा वैल्यू और डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर पाइए 2 कैरेट एक्स्ट्रा वैल्यू

To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply. For T&C visit our website.

नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।



## स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



## पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

## ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





## स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


## फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *




## रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *



## कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें :** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक :** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य :** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक :** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## ढुक ढुक ढुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
ढुक ढुक ढुक- ढुक ढुक ढुक

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


भव्या, बिलासपुर


तन्वी, रोहतक


वेदिका, बालोद


रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा


समृद्धि, शहडोल

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### 6.06 ग्राम हेरोइन सहित युवक दबोचा

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव गदराना क्षेत्र से एक युवक को 6.06 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव गदराना में मौजूद थे। पुलिस को सूचना मिली कि गदराना निवासी एक व्यक्ति नशा तस्करी का काम करता है और आज भी नशा तस्करी की फिराक में है। सूचना के अनुसार बताए स्थान चकेरियां रोड गदराना पर नाकाबंदी शुरु की तो थोड़ी देर बाद एक शख्स आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर तेज कदमों से वापिस मुड़कर जाने की कोशिश करने लगा। एसआई ने शक के आधार पर उक्त शख्स को काबू करके तलाशी ली।

### चूरा पोस्त सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर को लाल बत्ती चौक के पास गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सुनील निवासी भरतपुर राजस्थान के रूपमें हुई है। गिरफ्तार किए गए युवक के कब्जे से 5 किलो 38 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाईन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की है। सीआईए प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी से डोडा चूरा पोस्त तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी ली।

### बिजली के पोल पर लगे मीटर में लगी आग

**टोहाना।** टोहाना के कैंची चौक पर बाला जी मंदिर के साथ लगती गली में अचानक बिजली के पोल पर लगे मीटर में आग लग गई जिसके बाद गली के लोग जमा हो गए। गलीवासी गौरव ने बताया कि वह अपने घर में काम कर रहा था तभी अचानक आवाज सुनाई दी। जब बाहर आकर देखा तो मीटर में आग लगी हुई थी यह मीटर पूरी तरह जल चुका है। उसने बताया कि सूचना निगम के अधिकारियों को कर दी गई है, आग के कारण बिजली भी चली गई है।

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत वीरवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने नशे के व्यक्ति, परिवार और समाज पर होने वाले नकारात्मक प्रभाव से छात्राओं को अवगत करवाया तथा नशा मुक्त सकारात्मक जीवन का आह्वान किया नशा मुक्ति समिति के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि वह नशा मुक्ति को व्यवहारिकता में लाते हुए नशे के विरुद्ध जागरूकता के प्रचार-प्रसार में अपना यथा संभव सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर बलजीत सिंह असिस्टेंट, सुखविंदर कौर लिपिक, ललित कुमार लिपिक, रितु, कुलवंत इत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा।** अंतराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा की ओर से नालसा डॉन योजना 2025 के अंतर्गत एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नागरिक अस्पताल में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अमित ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल और असिस्टेंट एलएडीसी देवेंद्र कौर ने स्टाफ नर्सों, नर्सिंग छात्रों, आशा वर्करों तथा आम नागरिकों को नालसा डॉन योजना और नालसा सहायता हेल्पलाइन 15100 के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर नर्सिंग छात्रों की एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

---

### उपायुक्त व एसपी ने गांव खासा पठाना के स्कूल में रात्रि प्रवास किया

# रात्रि प्रवास कार्यक्रम : डीसी ने 22 हजार के बिल को किया 1100, उपभोक्ता को राहत

- उपायुक्त ने ग्रामीणों के आवेदनों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव खासा पठाना में रात्रि प्रवास के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनती उपायुक्त मनदीप कौर। साथ हैं एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त मनदीप कौर व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बुधवार रात्रि को गांव खासा पठाना के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के आवेदनों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका समाधान किया। ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष देर रात तक 35 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

शेष आवेदनों के समाधान के लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शेष समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुनिश्चित करे। उपायुक्त मनदीप कौर ने रात्रि प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उचित समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकतर शिकायतों का स्थल पर ही समाधान सुनिश्चित किया और जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रात्रि प्रवास का मूल उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को जनता के दरवाजे तक पहुंचाना है, ताकि आमजन की आवाज सीधे सुनकर मौके पर ही समाधान किया जा सके। इस दौरान मनोज कुमार ने उपायुक्त के समक्ष फैमिली आईडी में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए, जिसके फलस्वरूप मौके पर ही उनका नाम फैमिली आईडी में दर्ज कर दिया गया। उपायुक्त के समक्ष एक लाभार्थी ने दो महीने से गेहूं की फसल के भुगतान न होने की समस्या रखी। उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। नथा राम ने बिजली बिल अधिक होने की समस्या उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त के निर्देश पर संबंधित विभाग ने मामले की तुरंत जांच की और बिल की राशि 22 हजार रूपये से घटाकर 1100 रुपये कर दी। खेतों की सिंचाई के लिए बना नाला टूटा हुआ है, जिसे दोबारा निर्माण करवाने की आवश्यकता है। इस पर संबंधित विभाग ने बताया कि यह कार्य प्रक्रिया में है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

एक अन्य चोरी की घटना पर पुलिस विभाग ने बताया कि जांच जारी है और आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। रात्रि प्रवास कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, पंचायती जमीन पर मालिकाना हक, आर्थिक सहायता, सिंचाई पानी उपलब्ध, रजिस्ट्री, बिजली बिल सही करने जैसी समस्याएं शामिल थी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, सरपंच मांगे राम गोदारा, मंडल अध्यक्ष मनदीप, डीआरओ श्याम लाल, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, डीएफएससी विनीत जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---



सिरसा। सीडीएलयू के कुलपति को सम्मानित करते हुए आढ़तियान एसोसिएशन।

## कुलपति के सम्मान में समारोह का आयोजन

- कार्यक्रम में जिला बार संघ के प्रधान चौधरी गंगाराम ढाका ने भी शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

दी आढ़तियान एसोसिएशन ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार के सम्मान में जनता भवन में कार्यक्रम किया। एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा तथा मीत बठला ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में जिला बार संघ के प्रधान चौधरी गंगाराम ढाका ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान प्रेम बजाज ने की। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान चौधरी गंगाराम ढाका, कुल सचिव अशोक शर्मा, क्लीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल जिंदल, प्रदीप मित्तल तथा अन्य वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने के लिए योग्य पदाधिकारी की सख्त जरूरत थी, जो सरकार ने पूरी कर दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम बजाज ने कहा कि हमारा संगठन सदा ही चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा। कुलपति विजय कुमार अरोड़ा ने कहा कि अकेले शिक्षक विश्वविद्यालय को सही ढंग से नहीं चला सकते, इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

जनता भवन ट्रस्ट के महासचिव एडवोकेट प्रमोद गांधी व राजन बावा ने सभी मेहमानों को जनता भवन ट्रस्ट तथा अस्पताल के कार्यों का निरीक्षण करवाया। एसोसिएशन ने कुलपति, जिला बार संघ के अध्यक्ष, कुल सचिव को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर ललित गिरधर, विनोद खत्री, हन्नी अरोड़ा, मुनीष कालरा, अनीष गर्ग, जिपू सिंह, चेतन चाचान, सुधीर ललित, पवन दड़बी, अनिल खोथ, कपिल वधवा, हेमंत गोयल, दीपक मित्तल, शम्मी नारंग, विक्की अनेजा, टोनी गर्ग, रमेश गोरा, कश्मीर, अंकित फुटेला, कुलदीप मेहता, संजीव कंबोज, रजनीश बुडानिया आदि मौजूद थे।

---

## रानियां जैन साध्वियों ने किया चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

- श्रावक-श्राविकाओं ने जयकारों के साथ उन्हें जैन सभा में प्रवेश करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां




रानियां। प्रवेश दौरान प्रवचन करते जैन साध्वियां। *फोटो : हरिभूमि*

जैन साध्वियों ने वीरवार को रानियां एसएस जैन सभा में मंगल प्रवेश किया। आयोजित सादे समारोह में श्रावक श्राविकाओ के साथ पदाविहार करते हुए जैन साध्वियों ने पूर्व पार्षद बलविन्द्र सिंह दयोल के घर से व भगत सिंह चौक से होते हुए जैन सभा में प्रवेश किया। श्रावक-श्राविकाओं ने जयकारों के साथ उन्हें जैन सभा में प्रवेश करवाया। जैन सभा में पहुंचकर प्रवचन करते हुए महासाध्वी स्वाती जी महाराज ने कहा हमें चतुर्मास के इन चार महीनों में अपने जीवन में तपस्या कर अपनी आत्मा को शुद्ध बनाना है और महावीर स्वामी जी की वाणी को श्रवण कर अपने जीवन को सफल बनाना है इस अवसर पर साध्वी अर्चिता महाराज कहा कि जैन संत चार माह एक स्थान पर रूककर जिनशासन की प्रभावना करतें है। वहीं साध्वी राधिका महाराज ने शास्त्र की वाचना की और साध्वी गुणांशी जी महाराज ने एक मधुर भजन द्वारा श्रद्धालुओं को मंत्रगुग्ध किया। साध्वी वाचना महाराज ने मंगल वाणी से निहाल किया। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा भी साध्वी के आगमन पर मंगल भजन गाए और अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंगल देश से सुभाष जैन, संदीप जैन, पूर्व प्रधान विनोद जैन, मास्टर बूटा सिंह, सुरेन्द्र जैन सिन्दी, रविन्द्र जैन, एडवोकेट नरेश जैन, जगरूप लाल जैन, लवलीन जैन कालांवाली, राजकुमार जैन, इन्द्रजीत जैन, मासा जैन, घंटी जैन, बंटी जैन, प्रेमचन्द जैन, सुभाष जैन डबवाली, रमेश जैन रोडी आदि मौजूद थे।

---



डबवाली। एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी।

## नप सफाई कर्मचारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**डबवाली।** पिछले तीन सप्ताह से नगर परिषद डबवाली के सफाई कर्मचारी व कचरा गाड़ी चालक एसडीएम डबवाली कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे हुए हैं। धरनारत कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वीरवार को कचरा गाड़ी चालक व सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम के नाम तहसीलदार डबवाली को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी, महिला कर्मचारी व समर्थन में विभिन्न संगठनों के नुमाइंदे भी उपस्थित रहे। आज कर्मचारी महासंघ की ओर से रोडवेज ड्राइवर यूनियन डबवाली के अध्यक्ष जसराम ने अपनी यूनियन की ओर से चल रहे सफाई कर्मचारी आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि हरियाणा सरकार में ठेकेदारी व्यवस्था बंद कर दी है और अब सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत सेवाएं कर दी हैं, लेकिन डबवाली नगर परिषद में ठेकेदारी व्यवस्था क्यों चलाई जा रही है। जसराम ने इस अंधेर गर्दी की कड़े शब्दों में निंदा की। सफाई कर्मचारी यूनियन ने सरकार से मांग की है कि हमें तुरंत सरकार द्वारा तय शुदा नियमों के मुताबिक काम पर बुलाया जाए और लंबित मांगों को तुरंत पूरा किया जाए, अन्यथा यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार, उप प्रधान रविंद्र कुमार, सचिव बनारसी दास, महिला कर्मचारी अध्यक्ष पूजा रानी गोगामेड़ी, मंच संचालक गार्गिता सिंह, सपना, मोनिका भी उपस्थित रहे।

---

## न्यूज डायरी

### रितेश ने नेशनल चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के बॉक्सर रितेश ने रोहतक में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में अंडर-17 प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदी को मात देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। कोच प्रदीप कुमार बताया कि नेशनल बॉक्सिंग अकैडमी रोहतक में बीते दिन आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सर रितेश ने अपना दखमख दिखाते हुए कई राउंड में जगह बनाते हुए अंत में गोल्ड मेडल जीता। रितेश की इस उपलब्धि से अकैडमी में खुशी का माहौल छाया हुआ है। यहां आने पर रितेश का स्वागत किया गया। रितेश ने अपनी कामयाबी से अकैडमी व माता पिता का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी, इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव गोदारा, कोच प्रदीप कुमार व प्रवीण कुमार ने उन्हें बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अजय झाझड़ा बने आप के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष



**भूना।** भूना में किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई लडने वाले अजय सिंह झाझड़ा को आम आदमी पार्टी ने हरियाणा किसान प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। इससे पहले वे किसान प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। यह फैसला पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री गोपाल राय और डॉ. सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में लिया गया। बता दें कि झाझड़ा ने 2019 में टोहाना विधानसभा से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इसके बाद 2020 से 2023 तक फतेहाबाद जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया। पिछले दो वर्षों से किसान प्रकोष्ठ में सचिव पद पर रहते हुए लगातार सक्रिय रहे। झाझड़ा की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और खुशी जताई। फतेहाबाद जिला अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गरजा, वरिष्ठ नेता कमल वीसला, जयविंदर मेचू, सत्यवान जांगड़ा, लक्ष्य गर्ग, साधु राम बिश्नोई, कुलदीप हरितवाल, सुनील पारता, विजय कुलड़िया टिब्बी और प्रवीण जागलान ने कहा कि झाझड़ा की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### लायंस क्लब ने किया फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन

**फतेहाबाद।** लायंस क्लब फतेहाबाद रॉयल द्वारा स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के सहयोग से संन्यास आश्रम रोड स्थित रेगर धर्मशाला फ्री एक्स रे एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। क्लब के प्रधान संचेत मुंजाल ने बताया कि इस मेडिकल कैम्प में लेडी डॉ. किरण बाला तथा यूपीएचसी अशोक नगर से डॉ. हनुमान सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। कैम्प में एक्सरे के माध्यम से मरीजों के छाती में होने वाले इन्फैक्शन तथा विकारों का पता लगाया गया तथा उन्हें निशुल्क परामर्श व दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गई। इस कैम्प में एचबी, बीपी की जांच भी फ्री की गई। इस कैम्प में आशा वर्कर रचना देवी, निशा वर्मा व पूनम, स्टाफ नर्स ममता, एएनएम सुदेश रानी, केदार जांगड़ा ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। क्लब की ओर से चेयरमैन संचेत मुंजाल ने सभी डॉक्टर व स्टाफ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर नीरज भठेजा, पार्षद किरण नारंग, मनोज नारंग, विकास शर्मा, मुनीष मैहता, सुशील आहुजा, नवीश सचदेवा, विवेक अग्रवाल, अमन भाटिया, रमेश, प्रोजेक्ट चेयरमैन साहिल रहेजा, कृष्णा धूड़िया मौजूद रहे।

---

### बैजलपुर गांव में 10 जगह चल रहे अवैध शराब खुर्दे बंद करने की मांग, पुलिस में दी शिकायत



**भूना।** बैजलपुर गांव के सरपंच और सरपंच एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने गांव में चल रहे 10 अवैध शराब खुर्दों को बंद कराने की मांग की है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि इन खुर्दों से गांव में नशा बढ़ रहा है। नशे की वजह से चोरी की घटनाएं भी हो रही हैं। अगर पुलिस इन पर कार्रवाई करे तो नशे और चोरी दोनों पर रोक लग सकती है। ग्राम पंचायत को ग्रामीण महिलाओं ने इन अवैध शराब दुकानों की सूची सौंपी है। पंचायत ने इस पर संज्ञान लिया है। सरपंच बैजलपुरिया ने बताया कि शराबियों की वजह से महिलाओं को शाम के समय में काफी परेशानी होती है। शराबी गली में गाली-गलौज करते हैं। कई बार आपत्तिजनक हालत में सडक पर पड़े रहते हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

### मादक पदार्थ के अधिक सेवन से मौत, तीन को काबू कर भेजा जेल

**डबवाली।** पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में चौकी देसूजोधा पुलिस ने मादक पदार्थ के अधिक सेवन से हुई मौत के मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों परमानन्द शर्मा पुत्र रामदत्त शर्मा, मनिंदर पाल सिंह उर्फ मनिन्दर सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह व मानवीर उर्फ मोनी पुत्र बलवीर सिंह उर्फ बीरा निवासी देसूजोधा को काबू कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभारी चौकी देसूजोधा जगपाल ने बताया कि 24 जून 2025 को तरसेम सिंह पुत्र जगीर सिंह निवासी देसू जोधा के ब्यान पर कि 23 जून को उसके पुत्र की आरोपियों द्वारा अधिक मात्रा में नशीला पदार्थ देने के कारण मौत हो जाने पर थाना शहर में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान स.उप. नि. सतपाल द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### महाराजा विश्वेंद्र सिंह से मिला भारतीय जाट विकास मंच का प्रतिनिधिमंडल

**सिरसा।** भारतीय जाट विकास मंच का एक प्रतिनिधि मंडल भरतपुर में महाराजा विश्वेंद्र सिंह से मिला। मंच का यह भ्रमण दल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कड़वासरा के नेतृत्व में भरतपुर का भ्रमण कर वीरवार को सिरसा लौट आया है। इस भ्रमण के दौरान मंच के सदस्यों ने महाराजा सूरजमल के वंशज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराजा विश्वेंद्र सिंह को सम्मानित किया। डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने मंच की गतिविधियों के बारे में महाराजा विश्वेंद्र सिंह को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी कार्यक्रम में वे सिरसा जरूर आएंगे। । भारतीय जाट विकास मंच के प्रतिनिधि मंडल को सम्मानित करने के लिए महाराजा सूरजमल के वंशज डॉ. नरेंद्र चौधरी एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन भी किया। सिरसा लौटने के बाद मंच के सभी सदस्यों ने इस यात्रा को यादगार बताते हुए भविष्य में ऐसी यात्राएं करते रहने पर सहमति जताई।

---



सिरसा। पार्क में लगवाए गए झूलें व एक्सरसाइज मशीनें। *फोटो : हरिभूमि*

## लाभ चंद पार्क में लगवाए झूले, एक्सरसाइज मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- जल्द ही पार्क के अंदर कंप्यूटर चालित सिंचाई प्रणाली द्वारा पार्क का हराभरा बनाया जाएगा
- पीकॉक पार्क में भी नए झूले और एक्सरसाइज मशीनें लगाई जाएंगी

वार्ड नंबर 18 के पार्षद राजेंद्र सरदाना के प्रयासों से स्थानीय लाभचंद पार्क में नए झूले और एक्सरसाइज मशीनें लगवाई गई हैं। पार्षद प्रतिनिधि रितेश सरदाना ने बताया कि यह सिर्फ शुरुआत है, जल्द ही पार्क के अंदर कंप्यूटर चालित सिंचाई प्रणाली, नई घास और पौधों की व्यवस्था कर इसे पूरी तरह हराभरा और सुंदर बनाया जाएगा। इसके साथ ही पीकॉक पार्क में भी नए झूले और एक्सरसाइज मशीनें लगाई जाएंगी ताकि वार्ड के हर कोने में विकास की रफ्तार महसूस हो। पार्षद राजेंद्र सरदाना ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की सेहत, मनोरंजन और स्वच्छ वातावरण है। वह 24 घंटे वार्ड की सेवा के लिए तत्पर हैं और हर मांग को प्राथमिकता से पूरा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए पार्षद का आभार व्यक्त किया हैं।

---

**योग** जयपुर सम्भाग के प्रयोगशाला परिचारकों के तीन दिवसीय ओरियन्टेशन कोर्स का दूसरा दिन

## बीमारियों का काल है भ्रामरी प्राणायाम, इसका नियमित अभ्यास करना जरूरी : मदन गोपाल

- भ्रामरी ध्यान के लिए एक प्रभावी प्राणायाम है। यह थकान और मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जेएनवी खाराखेड़ी में प्रयोगशाला परिचारकों को योग करवाते मदन गोपाल आर्य। *फोटो : हरिभूमि*

बीमारियों का काल है भ्रामरी प्राणायाम, इसलिए सभी को इसका नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह बात पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योगाचार्य मदन गोपाल आर्य ने जवाहर नवोदय विद्यालय खाराखेड़ी में आयोजित नवोदय विद्यालय समिति जयपुर सम्भाग के प्रयोगशाला परिचारकों के तीन दिवसीय ओरियन्टेशन कोर्स में दूसरे दिन सुबह योगसत्र में भ्रामरी प्राणायम अभ्यास करवाते हुए कही। उन्होंने भ्रामरी प्राणायम हिंदी शब्द भ्रामर से बना है जिसका अर्थ है भौंरा और प्राणायाम का अर्थ श्वास तकनीक है। इसकी विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी आरामदायक आसन जैसे सुखासन, अर्धपद्मासन, पद्मासन व सिद्धासन में बैठकर अपनी कमर को सीधा करें और आंखें बंद करें।

हाथों की तर्जनी अंगुलियों को माथे पर तथा शेष तीनों अंगुलियों को आंखों पर व अंगूठो को कानों पर रखे। लम्बा गहरा श्वास ले व धीरे-धीरे नाक से मधुमक्खी की तरह एक भनभनाहट की आवाज करे तथा अपना मुंह बंद रखें और महसूस करें कि ध्वनि का कंपन आपके पूरे शरीर में फैल रहा है। इस तकनीक में सांस छोड़ने की आवाज मधुमक्खी के गुंजन की आवाज के समान होती है, इसलिए इसे भ्रामरी प्राणायाम कहा जाता है। इस प्राणायाम के लाभ बताते हुए आर्य ने बताया कि भ्रामरी ध्यान के लिए एक प्रभावी प्राणायाम है। यह थकान और मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है। मन को शांत करता है और शरीर को फिर से जीवंत करता है। स्वाद और सुगंध के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाता है। तनाव और चिंता से राहत देता है। आवाज को मधुर बनाता है और स्वर-तंत्र को मजबूत करता है। लकवा और माइग्रेन को ठीक करने में सहायक है। प्रेग्नेंट महिलाओं सहित सभी उम्र के व्यक्ति इस प्राणायाम को कर सकते हैं। पतंजलि योग समिति फतेहाबाद के योग शिक्षक सहदेव भाखर ने सहयोगी की भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने योगाचार्य व समस्त योग साधकों का आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित जनों से इसका जन जन में प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस दौरान हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली के प्रयोगशाला परिचारक मोनिका, अनिता, रंजु बाला, माया, शंकर सिंह, श्रवण कुमार, तेज दयाल माथुर, हरी सिंह, रौनक सोनी, मोहन लाल मीणा, पंकज कुमार जोशी, जीत सिंह, राधेश्याम भट्ट, अजय कुमार, जीत सिंह, रविन्द्र तंवर, विजेन्द्र कुमार, सहदेव, रणजीत सिंह, देवीलाल खटक, सचिन, सुभाष, अमित, राजेन्द्र, बनवारी लाल, सन्दीप, मुकेश, सीताराम मीणा, सुधाभान, सुबोध आचार्य सहित अनेक योग साधक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विचार आश्रम मंदिर में स्वास्थ्य शिविर 29 को

**फतेहाबाद।** नव कल्याण संस्था एवं श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट फतेहाबाद द्वारा विचार आश्रम मंदिर के सन्त स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज, स्वामी संत विचार सेवानंद महाराज के सानिध्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन 29 जून रविवार सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक किया जा रहा है। इस कैम्प में आंखों की जांच, दांतों की जांच, महिला सम्बंधित रोगों की जांच, बीपी व शुगर जांच के साथ निःशुल्क दवाइयां भी दी जाएगी। इसमें दंत रोग विशेषज्ञ पाहवा डेंटल क्लिनिक के डॉ. कोमल गेरा, आईक्यू हॉस्पिटल मॉडल टाउन के डॉ. सतीश धींगड़ा, संदूजा ईएनटी एवं मेटरनिटी होम की महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि संदूजा, सर्व लैब टेक्नीशियन प्रवीण ग्रोवर अपनी सेवाएं देंगे। यह जानकारी युवा समाजसेवी सुदर्शन नरूला ने दी।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** वित्त वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में फतेहाबाद जिले के इच्छुक प्रार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं में री-सर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक यूनिट की स्थापना, अपनी भूमि पर तालाब निर्माण, खारे पानी में मछली व झींगा पालन, मछली विक्रय हेतु वाहन क्रय सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं का लाभ पहले आओ पहले पाओ आधार व साइट निरीक्षण के उपरांत पात्रता के अनुसार प्रदान किया

### दुकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** अपराध मुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक दुकान में हुई चोरी की वारदात को कुछ ही घंटों में सुलझाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप उर्फ सिप्पी पुत्र दर्शन सिंह व विनोद कुमार पुत्र भगवान दास निवासी वार्ड नं. 12, रतिया के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 500 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेजा गया।

## पुलिस ने 200 केस दर्ज कर 300 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया : एसपी

# समाज को नशामुक्त बनाने के लिए हर वर्ग को एकजुट होना पड़ेगा : डॉ. गुप्ता

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन







सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी तथा नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर वीरवार को स्थानीय पंचायत भवन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्त युवा - सशक्त राष्ट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्ण लढ़ा द्वारा निर्देशत लघु नाटक नशा एक अभिशाप के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया, वहीं सीडीएलयू के प्रोफेसर राजकुमार सिवाच ने व्याख्यान और अध्यापक नरेश ग्रोवर ने कविता के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक किया। इसके अलावा प्रयास व हेलन केलन तथा गुरूनानक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कहा है कि नशे को तभी खत्म किया जा सकता है, जब इसे जड़ से उखाडऩे के लिए समाज का हर व्यक्ति योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की पुरानी परंपरा कहीं भी गलत दिखे तो रोक देने की रही है। नशे को खत्म करने में यही कल्चर काम आएगा कि खुद के साथ पड़ोस के बच्चों को भी नशे की प्रवृति से दूर रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवा नशे से तब दूर होगा, जब उसके अभिभावक ध्यान देंगे और वह किसी ऐसी संगत में न पड़े जो उसे गलत दिशा में ले जाए। बच्चे को शुरू से ही पढ़ाई और खेलकूद की ओर आगे रखें। प्रशासन द्वारा नशे पर रोकथाम के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग साढे पांच महीनों की अवधि के दौरान 200 से अधिक एफआईआर दर्ज कर 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत अधिक है। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. मयंक गुप्ता ने यह भी कहा कि नशे के दुष्परिणाम हर कोई जानता है, लेकिन फिर भी नशा उन्नमूलन का कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हो रहा। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति इस दिशा में काम करें, तभी हम नशा मुक्त समाज का निर्माण कर पाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि नशा मुक्ति की दिशा में प्रशासन समाज के सहयोग से लगातार काम कर रहा है। सभी को मिलकर नशे के खिलाफ अब मुहिम को बड़े स्तर पर चलानी होगी। प्रशासन ऐसी हर मुहिम में साथ खड़ा नजर आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए अभिभावक से लेकर समाज के हर व्यक्ति को अपना दायित्व निभाना होगा। इस दौरान उपस्थित जन को पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने नशा न करने और दूसरों को भी न करने के लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र, सीएमओ डॉ एमएस भादू, डीएसपी कालांवाली संदीप सिंह, डीएफएससी मुकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड व अन्य मौजूद रहै।




### धारनियां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त पखवाड़ा के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम संजय कुमार के नेतृत्व में गांव धारनियां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को नशे के घातक प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला लीगल सेल से एडवोकेट कमलेश रानी, अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी संजय कुमार ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के पतन का कारण बनता है। आज नशा तस्कर गांव-गांव तक अपने जाल फैला रहे हैं, परंतु यदि हर नागरिक जागरूक हो, तो इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को नशे के स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों से अवगत कराया और युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों, शिक्षा तथा रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि उनके आसपास कोई नशा तस्करी से जुड़ी गतिविधि हो रही है, तो वे गोपनीय रूप से पुलिस को सूचना दें।

## सीडीएलयू को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा: कुलपति

विद्यार्थियों को व्यवहारिक रूप से दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सीडीएलयू को शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। कुलपति प्रो. विजय कुमार गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि सीडीएलयू प्रदेश का ऐसा पहला विश्वविद्यालय है जिसने स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया और अब सत्र 2025-26 से परास्नातक स्तर पर भी एनईपी को पूरी तरह से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत की मांग के अनुरूप कोर्सेज की मैपिंग हेतु विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर डिमांडिंग कोर्सेज की सूची तैयार करेगी। यह सूची न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी। प्रो. कुमार ने बताया कि शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें समाज से जोड़ा जाएगा ताकि छात्रों द्वारा किए गए शोध कार्यों से जनसामान्य को भी लाभ मिल सके। सभी प्राध्यापकों और नॉन-टीचिंग स्टाफ को अकादमिक और एक्शन प्लान प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

## एनडीपीएस मामले में बडोपल पुलिस ने सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बडोपल पुलिस चौकी की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में असल सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कपिल देव पुत्र राजा राम निवासी भोडिया बिश्नोईयां, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बड़ोपल पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि 7 मार्च को एएसआई रघुबीर सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर भोडिया बिश्नोईयां निवासी सुंदर को गिरफ्तार कर उससे चार किलो डोडा पोस्त बरामद किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी सुंदर ने कपिल देव का नाम सप्लायर के रूप में उजागर किया। इसके आधार पर जांच अधिकारी ने साक्ष्य जुटाकर कपिल देव को गिरफ्तार किया, और उसके कब्जे से 500 रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

## पुलिस ने फतेहाबाद में पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाईवे-9 पर नाकाबंदी के दौरान फतेहाबाद पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें पशुओं को अत्यंत क्रूरता के साथ ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। पुलिस ने मौके पर से तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि दरियापुर पुलिस चौकी की टीम एएसआई रोहताश के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में पशुओं को भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे-9 पर दौलतपुर मोड़ के निकट नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली, तो पाया कि उसमें कुल 39 भैंसें और कटड़े ठूंस-ठूंसकर अमानवीय तरीके से भरे गए थे। पुलिस ने ट्रक सवार तीन आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान राजिंद्र पुत्र जीत सिंह निवासी कालांवाली, जिला सिरसा, मजिद पुत्र साफी निवासी नोहर, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) व शाकिर पुत्र मुर्शरफ निवासी गंगोई, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज कर लिया है। ट्रक को जब्त कर पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन द्वारा सर्कल सचिव भूप सिंह की अध्यक्षता में 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कन्वेंशन में मंच संचालन फतेहाबाद यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा व राज्य उपप्रधान अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में कर्मचारियों की एक भी मांग पूरी नहीं की है। सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, छात्र आन्दोलनरत है। सरकार सभी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है। श्रम सुधार कानून में मजदूर विरोधी बदलाव कर रही है जिससे शोषण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बिजली के तमाम कर्मचारी 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढक़र शामिल होंगे।

हड़ताल के माध्यम से मांग की जाएगी कि सभी कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए। विभागों में खाली पड़े लाखों बेरोजगारों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, बिजली निगम में हजारों पद खाली है। कर्मचारियों को ढाई-ढाई सौ किलोमीटर दूर नौकरी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।



फतेहाबाद। हड़ताल को लेकर बिजली कर्मचारियों को कन्वेंशन को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

## धान मिलिंग की एवज में रिश्वत मांगने पर वेयर हाउस के तत्कालीन डीएम पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ वर्धमान राइस मिल के संचालक शुभम कुमार ने एसीबी को शिकायत की थी

हरियाणा वेयर हाऊस कारपोरेशन के जिला प्रबंधक द्वारा रतिया के एक राइस शैलर से रिश्वत मांगने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने तत्कालीन जिला प्रबंधक पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में रतिया के वर्धमान राइस मिल के संचालक शुभम कुमार ने एसीबी के निदेशक को शिकायत की थी। एसीबी पंचकूला को दी शिकायत में रतिया के वर्धमान राइस मिल के संचालक शुभम कुमार पुत्र सुरेश कुमार ने बताया कि उसकी गांव लाम्बा में राइस मिल है जिसमें हरियाणा वेयर हाऊस कारपोरेशन के धान की मिलिंग की गई थी। आरोप है कि कारपोरेशन के तत्कालीन डीएम डीके पाण्डे ने उससे 5 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर उसे ब्लैकमेल किए जाता रहा। इस पर शुभम ने 24 दिसम्बर 2024 को डीएम के खिलाफ विभाग के एमडी को शिकायत दी थी। शुभम ने बताया कि वेयर हाऊस के कर्मचारी डीएम के कहने पर उसे तिरपालें व बारदाना नहीं दे रहे थे। इस पर एमडी ने उनका समाधान भी करवा दिया। शुभम के अनुसार डीएम का रतिया में एक दलाल संजीव मंगला है जिसके माध्यम से डीएम उगाही का काम करता है। डीएम ने संजीव मंगला के मार्फत उसे धमकी भी दी कि रिश्वत के पैसे नहीं दिए तो एफसीआई में उसके माल की शिकायत की जाएगी। इस पर दलाल संजीव मंगला 3 जनवरी 2024 को एफसीआई को उसकी शिकायत भी की जोकि गलत पाए जाने पर खारिज हो गई। इसके बाद दोनों ने मिलीभगत करके शहर थाने में शिकायत दी। इसी तरह डीएफसी को भी शिकायत की गई। शुभम ने कहा कि ऐसी शिकायतें करके उसे लगातार मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। एसीबी ने अब इस मामले में डीएम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मार्ट सिटी योजना सिर्फ दिखावा साबित हुई: सैलजा

प्रदेश के अधिकतर शहरों में हुए जलभराव से जन जीवन अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मानसून ने झमाझम वर्षा के साथ हरियाणा में प्रवेश कर लिया है। प्रदेश के अधिकतर शहरों में हुए जलभराव से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके साथ ही भाजपा की 'स्मार्ट सिटी योजना' सिर्फ दिखावा साबित हुई, मानसून की पहली बारिश ने सरकार के दावों की पोल खोलकर रख दी है। समय पर नालों की सफाई और जलनिकासी का प्रबंध न होने से ही जलभराव हुआ है। सिरसा में गुरुवार को हुई बारिश से हुए जलभराव के कारण आमजन और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुमारी सैलजा ने गुरुवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि हरियाणा के अनेक नगरों में मानसून की पहली बारिश के बाद उत्पन्न जलभराव की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी और अमृत योजना के नाम पर जनता को केवल भ्रमित किया गया, जबकि धरातल पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। नतीजतन, हरियाणा के अनेक शहरों की हालत बदतर हो गई है। ये सरकार विकास के नाम पर केवल घोषणाएं और दिखावे की राजनीति करती है। जिस अमृत योजना का प्रचार-प्रसार बड़े स्तर पर किया गया, वह योजना भी पूरी नहीं हो सकी। जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। सीवर और नालों की सफाई मानसून से पूर्व नहीं करवाई गई, जिससे पहली ही बरसात में हालात बेकाबू हो गए। शहरों को स्मार्ट बनाने की बात करने वाले भाजपा नेताओं ने नगरों की सूरत ही बिगाड़ दी है। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही, उदासीनता और भ्रष्टाचार के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाज़ार तक पानी में डूबे नजर आए। दुकानों में गंदा पानी घुस गया, लोगों के घरों का सामान खराब हो गया।

### पीलीमंदौरी में ट्रांसफार्मर से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टू क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे बिजली निगम के एसडीओ द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भट्टूकलां के एसडीओ विपिन ने कहा है कि निगम द्वारा गांव पीलीमंदौरी में ट्रांसफार्मर लगाया हुआ था। गत दिवस उन्हें सूचना मिली कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर ऑयल और अन्य सामान चोरी कर ले गया है। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आंकलन किया। एसडीओ ने कहा कि ट्रांसफार्मरों से चुराये गए सामान की कीमत करीब 90 हजार रुपये है।

### मुख्त्यार सिंह में मिशन ड्रग फ्री कैंपस कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज में 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार 'मिशन ड्रग फ्री कैंपस' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने नशा ना करने की शपथ ली और दूसरों को भी जागरूक किया। डायरेक्टर अमनदीप कौर ने बताया कि नशा हमारे शरीर को धीरे धीरे खत्म करता है। भूगोल विभाग के हेड ने लेक्चर के माध्यम से बच्चों को बताया कि नशा हमारे शरीर के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर करता है और ये दिमाग की तरह हमारे शरीर को खत्म करता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### बुजुर्ग महिला से सोने का लॉकेट छीनकर भागे दो बदमाश

**टोहाना।** क्षेत्र के गांव ठरवा में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा एक बुजुर्ग महिला से सोने का लॉकेट छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता के पुत्र द्वारा गुरूवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ठरवां निवासी विनोद कुमार पुत्र रामेश्वर दास ने कहा है कि उसकी माता कृष्णा देवी घर की तरफ जा रही थी। इस दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर आए। एक बदमाश ने कान पर फोन लगाने का नाटक किया। फिर पीछे से आकर महिला के गले से लॉकेट छीन लिया। महिला ने शोर मचाया और बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार लॉकेट 10 ग्राम सोने का था। पीड़िता के बेटे विनोद कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

## एसडीएम राजेश कुमार व सीटीएम गौरव गुप्ता ने की सुनवाई

# सरकार द्वारा मुआवजा राशि मंजूर होने के उपरांत भी नहीं मिला मुआवजा, समाधान शिविर में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते प्रशासनिक अधिकारी।

लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार व सीटीएम गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनी और उपस्थित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने हका कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न प्रकार की शिकायतों का समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जा रहा है। समाधान शिविर में ढाणी भोजराज निवासी विकास कुमार ने आंधी तूफान के कारण टूटी सोलर प्लेट को ठीक करवाने, गांव चमारखेड़ा निवासी बिजेंद्र ने गांव के ही एक युवक पर कानूनी कार्यवाही करने, स्थानीय निवासी जोगाराम ने पीपीपी ठीक करवाने, गांव किरढान निवासी प्रभुराम ने पीपीपी में इनकम कम करवाने, भीमा बस्ती निवासी अशोक कुमार ने विदुर पेंशन बारे, रतिया निवासी अजायब सिंह ने पीपीपी को दुरूस्त करवाने, शेखुपुर दडौली निवासी मोनू ने गांव के अन्य युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने, गांव ढांड निवासी बिल्लू राम ने पीपीपी में गाड़ी हटवाने बारे शिकायत रखी। इसके अलावा भट्टू निवासी मनदीप कुमार ने राशन कार्ड बनवाने, गांव खुंबर निवासी रोहताश ने पीपीपी में प्रार्थी को अविवाहित दिखाने बारे, बड़ोपल निवासी महेंद्र कुमार ने विवाह शगुन राशि दिलवाने, भट्टू कलां निवासी मंगत राम ने नहरी पाइप लाइन डलवाने, भट्टू कलां निवासी रामदास ने गली पर हुए नाजायज कब्जा हटवाने, खैराती खेड़ा निवासी राजपाल पुलिया का रास्ता चौड़ा करने, धारनियां निवासी रिछपाल व चमारखेड़ा निवासी सतबीर ने गांव के अन्य युवक के खिलाफ कार्यवाही करने, ढाणी ढूल्ट निवासी राम कुमार ने पक्के नाले में पानी न आने, फतेहाबाद निवासी वजीर ने राशन कार्ड ठीक करने, जिगनदास इंतकाल दर्ज करवाने, देसराज ने विकलांग पेंशन बनवाने, भूना निवासी मनदीप ने जमाबंदी करवाने, गांव चिम्मो निवासी बिंदू ने पीएम विश्वकर्मा के तहत रोजगार के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।